हर दिन महत्व रखता है

हर दिन स्कूल में उपस्थित होने से आपकी संतान को अपनी शिक्षा का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने करियर तथा जीवन से जुड़े विकल्पों को बेहतर बनाने की योग्यता मिलती है।

नियमित स्कूल उपस्थिति से आपकी संतान के शिक्षण में विस्तार करने और उसके साथियों के साथ सकारात्मक संबंधों का निर्माण करने में सहायता मिल सकती है।

यदि आपको किसी कारणवश अपनी संतान को स्कूल ले जाने में सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया हमें संपर्क करें।

यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें, ऑपरेटर को बताएँ कि आपको किस भाषा की ज़रूरत है और उन्हें स्कूल को फोन करने के लिए कहें। ऑपरेटर आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

NSW GOVERNMENT